लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4733

22 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) का कार्य-निष्पादन

4733. श्री ताम्रध्वज साहू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के विभिन्न संयंत्रों द्वारा अर्जित लाभ का संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त लाभ के आधार पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्वीकृत कार्यों का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान इनमें से कितने कार्यों को पूरा कर लिया गया है; और

(ग) चालू वर्ष के दौरान भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) : गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान सेल की लाभ/हानि (-) का संयंत्रवार ब्यौरा निम्नवत है :

करोड़ रुपए में

संयंत्र/इकाई	राज्य	2011-2012	2012-2013	2013-2014
भिलाई इस्पात संयंत्र	छत्तीसगढ़	2715	2048	2085
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	पश्चिम बंगाल	503	553	416
राउरकेला इस्पात संयंत्र	ओडिशा	646	363	212
बोकारो इस्पात संयंत्र	झारखंड	703	308	202
इस्को इस्पात संयंत्र	पश्चिम बंगाल	-411	-202	-653
एलॉय इस्पात संयंत्र	पश्चिम बंगाल	-53	-120	-93
सेलम इस्पात संयंत्र	तमिलनाडू	-155	-420	-376
विश्वेश्वरैया लोहा एवं इस्पात संयंत्र	कर्नाटक	-131	-117	-123
सेल रिफ्रेक्टरी यूनिट	झारखंड	11	10	3
चंद्रपुर फेरो एलॉय संयंत्र	महाराष्ट्र	10	-39	-78
कच्चा माल प्रभाग/केंद्रीय यूनिटें		1313	856	1628
सेल (कर पूर्व लाभ)		5151	3241	3225
कर		1608	1070	608
कर पश्चात लाभ		3543	2170	2616

(ख) : गत तीन वर्षों के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के संबंध में स्वीकृत और खर्च किए गए पूंजीगत खर्च (विस्तार और आधुनिकीकरण समेत) निम्नवत थे:

करोड़ रुपए में

2011-2012		2012-2013		2013-2014	
बजट	वास्तविक	बजट	वास्तविक	बजट	वास्तविक
3600	3020	4055	3708	4800	4167

इस खर्च का वित्त पोषण सेल द्वारा आंतरिक प्राप्तियों और ऋणों के माध्यम से किया गया था।

(ग) : अप्रैल-सितम्बर 2014-15 के दौरान सेल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत 8.57 करोड़ की धन राशि खर्च की गई है।

*****